न्यायालय न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, टोंक

पीठासीन अधिकारी–

मुरारी लाल शर्मा
आर.ए.एस.

मिसल नम्बर	तारीख दायरा	तारीख निर्णय
13 / 2021 / प्रा.पत्र / 2021	04.02.2021	02.09.2021

मदन लाल गूर्जर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, टोंक

.... प्रार्थी

बनाम

1–श्री पवन कुमार जैन पुत्र श्री रामस्वरूप जैन एफ.बी.औ. मैसर्स नवीन मिष्ठान भण्डार डिग्गी वालो का कटला पुरानी तहसील के पास मालपुरा जिला टोंक निवासी वार्ड नं0 23 इन्द्रा कॉलोनी मालपुरा जिला टोंक राज0

...... अप्रार्थी

जुर्म अन्तर्गत धारा 26 की उपधारा 2 (ii) एफ.एस.एस.एक्ट 2006 रूल्स 2011

उपस्थित–

1–प्रार्थी की ओर से श्री मदनलाल गूर्जर, खा0सु0अ0 स्वयं।
2–अप्रार्थी उपस्थित

:–**निर्णय**–: दिनांक **02.09.2021**

संक्षेप में प्रार्थना पत्र का सार इस प्रकार है कि आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनांक 11.12.2020 को समय 1.01 पी.एम पर वास्ते निरीक्षण मैसर्स नवीन मिष्ठान भण्डार डिग्गी वालो का कटला पुरानी तहसील के पास मालपुरा जिला टोंकपर पहुंचां। विक्रेता की हैसियत से पवन कुमार जैन पुत्र श्री रामस्वरूप जैन एफ.बी.औ. मैसर्स नवीन मिष्ठान भण्डार डिग्गी वालो का कटला पुरानी तहसील के पास मालपुरा जिला टोंक निवासी वार्ड नं0 23 इन्द्रा कॉलोनी मालपुरा जिला टोंक राज0 खाद्य पदार्थ का कारोबार करते हुए उपस्थित मिला, को अपना परिचय दिया एवं परिचय पत्र दिखाया तथा उसका परिचय लिया, पूछने पर प्रतिष्ठान का मालिक होना स्वीकार किया एवं मौके पर खाद्य अनुज्ञा पत्र होना जाहिर किया।

आवेदक द्वारा निरीक्षण करने पर पाया कि आम जनता को विक्रय हेतु दुकान मे मावा (Khoya)रखा हुआ था, का निरीक्षण करने पर मिलावट की शंका होने पर, विक्रेता श्री पवन कुमार जैन को गवाह के सामने फार्म नं. 5ए में वास्ते नमूना क्रय करने हेतु नोटिस देकर नोटिस की रसीद प्राप्त की जिस पर विक्रेता पवन कुमार जैन एवं गवाह के हस्ताक्षर करवाकर प्रार्थी ने हस्ताक्षर कर तस्दीक किया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Murari Lal Sharma
Date: 2021.09.29 15:02:21 IST
Reason: SelfAttested

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
टोंक

न्यायालय अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट टोंक

1271

Scanned by CamScanner

आवेदक द्वारा दुकान मे 22 किलोग्राम मावा (Khoya)रखे हुये मे से 1 किलोग्राम इलेक्ट्रोनिक तोलने की मशीन से साफ व सूखी अलग से स्टील की ट्रे मे तुलवाकर वास्ते नमूना जांच खरीदा जिसकी बाजार भाव के समान कीमत विक्रेता. श्री पवन कुमार जैन को रू0 220/–अक्षरे दौ सौ बीस रूपये नगद देकर रसीद प्राप्त की जिस पर विक्रेता के हस्ताक्षर तथा उपस्थित गवाहान के हस्ताक्षर करवाये एवं तस्दीक कर स्वयं आवेदक ने हस्ताक्षर किये।

आवेदक द्वारा खरीदशुदा मावा (Khoya) 1 किलोग्राम को 250–250 ग्राम अलग–अलग बाट मापक मशीन से तुलवाकर चार साफ व सूखी प्लास्टिक की शिशीयो मे बराबर–बराबर बतौर परिरक्षित 40 प्रतिशत वाली फार्मेलिन की 20–20 बूंदे प्रत्येक शीशी मे डालकर अच्छी तरह हिला–मिलाकर शिशीयो के ढक्कन को अच्छी तरह एयर टाईट बंद कर नियमानुसार चार भाग व चार नमूना भाग तैयार कर एंव चारो नमूना भागो के लिये चार लेबल नियमानुसार तैयार कर व लेबल तैयार कर प्रत्येक भाग पर गोंद से चिपकाया और प्रत्येक लेबलो पर डी.ओ.कोड एवं क्रमांक I–2730 दर्ज किया। प्रत्येक लेबल पर स्वयं के हस्ताक्षर किये एवं विक्रेता के तथा गवाह के हस्ताक्षर करवाये गये।

चारो नमूना भागो को अलग–अलग खांकी कागज में लपेटकर प्रत्येक भाग पर डी.ओ. टोंक की हस्ताक्षर शुदा पेपर स्लिप नं. I–2730 नियमानुसार चारों नमूना भागों पर नीचे से उपर तक गोलाई से गोंद से चिपकाकर प्रत्येक भाग को धागे से बांध कर सील चपडी किया। प्रत्येक नमूना भाग पर विक्रेता. पवन कुमार जैन के हस्ताक्षर नियमानुसार इस प्रकार करवाये कि पेपर स्लिप व रेपर दोनो पर आवे। चारो नमूना भागो को अपने जाप्ते में लिया व मोका फर्द रिपोर्ट तैयार की।

आवेदक ने कार्यालय पहुंचकर फार्म नं0 6 की 6 प्रतियां तैयार की और प्रत्येक पर वह नमूना सील लगाई जिससे नमूना सील किया। एक नमूना भाग फार्म नं0 6 की प्रति के आउटर कवर में सील बन्द कर सील मोहर कर खाद्य विश्लेषक राज्य केन्द्रीय जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला जयपुर को जमा कराकर रसीद प्राप्त की।

आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी को डी.ओ. एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टोंक के पत्र क्रमांक एफ.एस.एस.ए./2021/91 दिनांक 09.01.2021 के द्वारा ज्ञात हुआ कि खाद्य विश्लेषक राज्य केन्द्रीय जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला जयपुर से प्राप्त जांच रिपोर्ट सं0 एल0एस0/2420/एक्ट/2020/2295 दिनांक 23.12.2020 अनुसार पवन कुमार जैन से वास्ते नमूना जांच विक्रय किया गया मावा (Khoya) खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 2(ii) के अनुसार **अवमानक** (Sub-standard) व **बाह्यी अपद्रव्य** (Extraneous-Matter) स्तर का होना पाया गया।

अतः प्रकरण में अप्रार्थी द्वारा **अवमानक** (Sub-standard) व **बाह्यी अपद्रव्य** (Extraneous-Matter) स्तर का मावा (Khoya) विक्रय कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक

Signature Not Verified
Digitally signed by Murari Lal Sharma
Date: 2021.09.29 15:02:21 IST
Reason: SelfAttested

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
टोंक

न्यायालय अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट टोंक

Scanned by CamScanner

अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26 की उप धारा 2(ii) का उल्लंघन किया है जिसका जुर्माना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 51 व 54 में निर्धारित है।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी द्वारा किसी प्रकार का कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया तथा अपना जुर्म स्वीकार किया। प्रार्थी ने बहस के दौरान प्रार्थना पत्र अंकित तथ्यों पर प्रकाश डालते हुए निवेदन किया कि अप्रार्थी जिस **मावा** (Khoya)का विक्रय कर रहा था वह जांच में **अवमानक** (Sub-standard) व **बाह्यी अपद्रव्य** (Extraneous-Matter) स्तर का होना पाया गया है इसलिए अप्रार्थी को भारी से भारी जुर्माने से दण्डित किया जावे।

हमने बहस पर मनन किया व पत्रावली का अवलोकन किया गया। अप्रार्थी के पास से लिया गया **मावा** (Khoya) का नमूना जांच में **अवमानक** (Sub-standard) व **बाह्यी अपद्रव्य** (Extraneous-Matter) स्तर का होना पाया गया है। उक्त कृत्य खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26 की उप धारा 2(ii) के अन्तर्गत अपराध की श्रेणी में आता है। अतः अप्रार्थी के विरूद्व प्रार्थना पत्र प्रमाणित होने से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 51 व 54 के अन्तर्गत अपराध की श्रेणी में आता है। अतः अप्रार्थी के विरूद्व प्रार्थना पत्र प्रमाणित होने से अप्रार्थी श्री पवन कुमार जैन पुत्र श्री रामस्वरूप जैन एफ.बी.औ. मैसर्स नवीन मिष्ठान भण्डार डिग्गी वालो का कटला पुरानी तहसील के पास मालपुरा जिला टोंक निवासी वार्ड नं0 23 इन्द्रा कॉलोनी मालपुरा जिला टोंक राज0पर शास्ति 20,000 (अक्षरे बीस हजार रू0) आरोपित की जाती हैअभियुक्त उक्त दण्ड की राशि जरिये डीडी न्यायालय में अथवा जरिये चालान से राजकोष में संबंधित मद में निर्णय दिनांक 02.09.2021 से एक माह के अन्दर अन्दर जमा कराकर रसीद पेश करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफतर हो।

निर्णय आज दिनांक 02.09.2021 को खुले न्यायालय में लिखा जाकर सुनाया गया।

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट टोंक

2-9-2021

(मुरारी लाल शर्मा)

न्यायनिर्णयन अधिकारी एवं

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट

टोंक–राज0

Signature Not Verified

Digitally signed by Murari Lal Sharma
Date: 2021.09.29 15:02:21 IST
Reason: SelfAttested

Scanned by CamScanner